**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 486**
**गुरुवार, 28 नवंबर, 2024/7 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

## ओपन स्काई पॉलिसी

**486. श्री ईश्वरस्वामी के.:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा अपनाई गई 'ओपन स्काई पॉलिसी' से देश में पर्यटन क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का अपनी उक्त नीति पर पुनर्विचार करने का कोई प्रस्ताव है, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) पर्यटन क्षेत्र पर इसके प्रभाव को न्यूनतम करने के लिए क्या कदम उठाए जाने का प्रस्ताव है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) ओपन स्काई समझौते, दो देशों के बीच हवाई संपर्क को बढ़ने में सक्षम बनाते हैं। ये दोनों देशों के नामित वाहकों को संबंधित हवाईअड्डों पर स्लॉट की उपलब्धता के तहत असीमित परिचालन करने में मदद करते हैं। ये समझौते, भारतीय वाहकों के साथ-साथ दूसरे देशों के वाहकों को भारत और उन देशों के बीच परिचालन बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे हवाई संपर्क में वृद्धि होती है, जो पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करती है।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठता।

*****